# सीबीएस में किओस्क आपरेटर की फाईल अपलोड करने की विधि

(स्थानीय प्रधान कार्यालय भोपाल 01.03.2014)

**फाईल अपलोड करने के लिये क्या करना होगा**

नये वर्जन में अब फाईल Kioskftp.exe को चलाने से नहीं बनती. अब आप इस साफ्ट्वेयर Kioskftp.exe को सिस्टम से डिलीट कर दें

अब कारपोरेट केन्द्र डेली स्वयं फाईल बना कर शाखा के सरवर पर My computer/ Application (E:)/ftp/cdc/interfaces/batch upload फोल्डर में डाल देता है.

**तो अब मुझे क्या करना पडेगा**

अब आपको शाखा के सरवर पर My computer /Application (E:)/ /ftp/cdc/interfaces/batch upload से फाईल उठा कर सरवर पर My computer Application (E:)/ftp/interfaces/batch upload में पेस्ट करनी होगी इसके बाद इसे सीबीएस में अपलोड करना होगा

**खाता खोलने के फार्म शाखा में रखना है या ये सीएसपी के पास ही रहेंगे**

सीएसपी से अपलोड किये जाने वाले सभी फार्म ले कर जांच कर लें. सभी फार्म बैंक के नियमानुसार पूरी तरह से भरे हुये तथा समस्त अनुलग्नक लगे हुये पाये जाने पर ही इन्हें अपलोड किया जाना है. बिना फार्म लिये कोई भी खाता सीबीएस में अपलोड नहीं करना है. साथ ही साथ ये फार्म शाखा में ही रखना है इन्हें एल सी पी सी नहीं भेजना है तथा इनके नमूना हस्ताक्षर, फोटो, अंगूठा निशानी, शाखा को ही स्कैन कर सीबीएस में अपलोड करना है, किसी भी दशा में बिना फार्म देखे तथा अपने कब्जे में लिये फाईलें अपलोड न करें. ये खाता खोलने के फार्म शाखा की सम्पत्ति है.

**सीएसपी, उसे आवंटित ग्रामों के साथ साथ काफी दूर दूर के ग्रामवासियों के खाते खोल रहा है तथा अपलोड के लिये शाखा में ला रहा है**

भारत सरकार ने राज्य के सभी ग्रामों को विभिन्न बैंकों में बांट दिया है, तथा हर ग्राम पंचायत मे एक सीएसपी की व्यवस्था की गई है अतः सीएसपी को केवल उन्हीं ग्रामों के खाते खोलने चाहिये जो ग्राम उस ग्राम पंचायत में आते हैं तथा जिसके लिये उसे हमारे बैंक ने अधिकृत किया है. अन्य ग्राम अन्य बैंक को आवंटित हो सकते हैं जिनके ग्रामवासियों को लेनदेन करने के लिये आने में असुविधा हो सकती है.

**मेरे पास सीएसपी उसके द्वारा खोले गये खातों के भरे हुए फार्म लेकर आया है परन्तु मैं इसकी फाईल को नहीं पहचान पा रहा हूं क्योकि मेरे पास एक से अधिक सीएसपी हैं**

बैच अपलोड फोल्डर को खोलने पर फाईल इस प्रकार दिखाई पडेगी

FIC_12189_26022014_300945_26022014_281_0323031.txt इसका विश्लेषण इस प्रकार से है

FIC फाईल का प्रकार
12189 लिंक शाखा का कोड नम्बर
26022014 फाईल की दिनांक
300945 पहला अंक 3 सीएसपी कोड का पहला अंक दूसरा अंक भविष्य के लिये सुरक्षित तथा अन्तिम चार अंक 0945 सीएसपी कोड का पांचवा, छठवा, सातवां तथा आठवां अंक
26022014 फाईल की दिनांक
281 सीएसपी कोड का दूसरा, तीसरा तथा चौथा अंक
03230317 सीरियल क्रमांक

अतः यह फाईल दिनांक 26.02.2014 की तथा सीएसपी का कोड (**3**+281+0945) **32810945** की है

**मैं पिछले दिनों अवकाश पर था इस कारण फाईल अपलोड नहीं कर पाया. आज मुझे क्या पिछले सभी दिनों की फाईलें क्रम से अपलोड करनी पडेगीं**

यदि आप पिछले दिनों की फाईलें अपलोड नहीं कर पाये तो आप केवल नवीनतम फाईल ही अपलोड करें क्योंकि इस फाईल में उन सभी दिनों का रिकार्ड आ जाता है, जब से आपने इस सीएसपी की फाईलें अपलोड नहीं कीं हैं.

**एक सीएसपी की मुझे एक ही दिनांक में एक ही साईज की एक से अधिक फाईलें दिख रहीं हैं. अब क्या करूं**

इनमें से कोई एक फाईल चुन ले तथा उसे अपलोड करें

**मेरी मशीन में यह दोनों फोल्डर भर गये हैं. मैं क्या करूं.**

फाईल अपलोड करने के बाद, यदि फाईल सफलता पूर्वक अपलोड हो जाती है तो इन दोनों फोल्डरों की सभी फाईलें डिलीट कर दें जिससे कि इन स्थानों पर नयी फाईलों के लिये स्पेस हो जाये साथ ही साथ नयी फाईलों को आसानी से पहचाना जा सके

**<u>फोल्डरों की सभी फाईलें डिलीट कर देने के बाद यदि मुझे पता चलता है कि किसी सीएसपी की कोई फाईल अपलोड होने से रह गई है तो मैं क्या करूंगा</u>**

कारपोरेट केन्द्र नित्य ही इस फोल्डर में फाईलें अपलोड करता है. कल फिर से आपको उन सभी सीएसपी की वे सभी फाईलें मिल जायेगी जिनके रिकार्ड अभी तक आपने अपलोड नहीं किये हैं.

**<u>मुझे कोई भी नई फाईल नहीं दिखाई पड रही है, मैं क्या करूं</u>**

आप सही मीनू से सही स्थान पर देखें, फाईल वहीं पर मिलेगी  या आपका फोल्डर भर गया है, इसे आज खाली कर दें कल नई फाईलें फिर से आ जायेंगी.

**<u>मैने फाईल अपलोड की पर क्यू निकालते समय यह मैसेज आया "होस्ट ट्रान्जेक्शन फायर्ड, रिफर टू इरर लाग" अब मैं क्या करूं</u>**

आप My computer E:/cbbranch/xml/file upload/ पर जायें तथा जिस दिन आपने फाईल अपलोड की है उस दिन के फोल्डर में इरर लाग की फाईल वर्डपैड पर (नोटपैड पर नहीं) खोल कर पढें

**<u>इस लाग में लिखा है कि फाईल की कुछ लाईनों में गलती है, इसे मैं कैसे सुधारूं</u>**

आप शाखा के अपलोड फोल्डर My computer Application (E:)/ftp/interfaces/batch upload (जहां से फाईल सीबीएस में अपलोड करते है़) में इस फाईल को वर्डपैड पर ओपन करें तथा जिन लाईनों में गलती दिखाई पड रही है, उन लाईनो. को ऊपर से गिन कर पहले चुन लें तथा फिर इन लाईनों को पूरा पूरा डिलीट कर दें (लाईन अधूरी डिलीट नहीं होनी चाहिये नही तो अपलोड करने पर फाईल अपलोड नहीं होगी तथा फिर से एरर बतायेगी) तथा फाईल को सेव कर लें. अब इस फाईल को अपलोड करें.

फाईल अपलोड हो जाने के बाद दोनों फोल्डरों को खाली कर दें

**<u>फाईल अपलोड करने पर ओराकल इरर (Oracle Error) आ रहा है</u>**

यह इरर सीबीएस की इरर है जिसे आईटीएस विभाग ठीक करता है. अतः शाखा सर्विस डेस्क पर रिक्वेस्ट डाल दे़ तथा आरबीओ में पदस्थ मैनेजर फाईनेन्सियल इन्क्लूजन से सम्पर्क करें

**<u>जब तक यह इरर ठीक नहीं हो जाती तब तक मेरी शाखा से जुडे सीएसपी की फाईले केसे अपलोड होंगी</u>**

इरर ठीक होने तक आरबीओ मे पदस्थ मेनेजर फाईनेन्सियल इन्क्ल्यूजन की सहायता से अन्य शाखा से खाते अपलोड करायें जिससे कि ग्राहकों को कोई परेशानी न हो.

**<u>मेने फाईल अपलोड की तो क्यू निकालने पर " File already uploaded " आ रहा है मै क्या करुं</u>**

फाईल अपलोड करने के 48  घंटे बाद ही आपको दूसरी फाईल अपलोड करनी है. इससे पहले करने पर यह इरर आती है.

**<u>मेने फाईल अपलोड की तो क्यू निकलने पर " Incorrect Input file or location " आ रहा है मै क्या करुं</u>**

फाईल अपलोड करने के लिये आप फाईल उठाने के लिये गलत लोकेशन दे रहे हैं. लोकेशन My computer  Application (E:)/ftp/interfaces/batch upload से उठाकर फाईल अपलोड करें

**<u>मैने जब फाईल अपलोड की तो क्यू फेल हो गई. इरर लाग में देखने पर पता लगा कि लाईन नम्बर 212, 306. 515, 735, 745 में इरर है. मै इतने रिकार्ड कैसे गिनूंगा तथा इन लाईनों को केसे डिलीट करूंगा. गिनने में गलती भी हो सकती है.</u>**

सबसे पहले **<u>C:</u>** मे जाकर **<u>Editplus</u>** का एक फोल्डर बना दें.

अब आप **<u>ftp:/10.31.0.37/outreach</u>** से **<u>Editplus</u>** सफ्टवेयर का पूरा फोल्डर डाउनलोड कर डेस्क्टाप पर सेव कर लें. अब इस अब इस फोल्डर में से सेट अप फाईल को रन करें तथा लोकेशन मांगने पर **<u>C:/Editplus</u>** का पता दे दें. इन्स्टाल हो जाने पर डेस्क्टप पर लाल रंग का **<u>Editplus</u>** का आईकान बन जायेगा.

जिस फाईल को एडिट करना हो My computer  Application (E:)/ftp/interfaces/batch upload, उस फाईल पर जाकर माऊस से राईट क्लिक करें तथा **<u>open with</u>** पर **<u>Editplus</u>** चुनें. यह फाईल **<u>Editplus</u>** में खुल जायेगी तथा इस में आपको रिकार्ड नम्बर दिखाई देने लगेंगे. अब आप रिकार्ड नम्बर 212, 306, 515. 735, 745 पर जाकर **** के निशान लगा दें. इसके बाद इन निशान लगे रिकार्डों को डिलीट कर दें तथा फाईल सेव कर ले. इसे अपलोड करें